53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 24.1°c | अधिकतम 34.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:31, सूर्यास्त - 7:00 | वर्ष : 53/ अंक : 126 | बृहस्पतिवार, 08 मई 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जीवन में हर किसी को परखने की बजाय समझने का प्रयास कीजिए... क्योंकि, परख संदेह को जन्म देती है और समझ अच्छे रिश्ते को ..



पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए, जय हिन्द : ओवैसी

ऐसे ही चोट होती रही तो आतंकी ढांचा ध्वस्त हो जाएगा..... बाकी सुधर जाएंगे.........

# लिया बेटियों के सिंदूर का बदला, 25 मिनट में पाक के नौ ठिकानों पर भारत का हमला

**नयी दिल्ली 07 मई (वार्ता)** पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन चुन कर मारने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर आतंकवादियों के नेटवर्क की कमर तोड़ दी। इस घटना के बाद सेना व सरकार दोनों ने मिलकर देश की जनता का दिल जीत लिया। दिन निकलते ही जब यह खबर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बनी तो देश के बच्चे-बच्चे का सीना चौड़ा हो गया और उत्साह के साथ पूरे देश में सेना व सरकार की जय-जयकार होती दिखी। देश में आए जोश के बाद किसी ने कहा ऑपरेशन सिंदूर तो केवल झांकी है, मेहंदी, हल्दी की रस्म बाकी है तो किसी ने कहा जिन्होंने सूनी की थी हमारी बहनों की मांग, भारत की सेना उनके घर में घुसकर चीर आई उनकी टांग। इस दौरान उत्तर प्रदेश में मॉक ड्रिल का अभ्यास भी जोश के साथ होता दिखा।



विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी दी। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गये हैं।

ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू

शेष : पृष्ठ-4 पर






# मुजफ्फरनगर में ब्लैक आउट




## दिन में मॉकड्रिल, रात में ब्लैकआउट, मुजफ्फरनगर ने दिखाया दम, शहर का बच्चा-बच्चा बोला "देश के लिए तैयार हैं हम"

**मुजफ्फरनगर, 07 मई (बु.)।** पूरे उत्तर प्रदेश सहित मुजफ्फरनगर में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिलाध्यक्ष व एसपी सिटी की अगुवाई में दिन में मॉकड्रिल तो रात में ब्लैकआउट होता दिखाई दिया। मॉक ड्रिल व ब्लैक आउट के दौरान नगर की जनता में देश के प्रति उत्साह दिखा और लोगों को लगा कि वास्तव में देश की सरकार और प्रशासन उन्हें देश के लिए तैयार कर रहा है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में नगर का नागरिक स्वयं सैनिक बनकर दुश्मनों से लड़ने के लिए तैयार रहे। शाम 4 बजे पूरी तैयारियों के साथ विभिन्न विभागों का अमला श्रीराम कॉलेज पहुंचा, जिसमें फायर ब्रिगेड टीम पीआरवी-112, स्थानीय थाना पुलिस डॉग स्क्वायड, एंटी सपोर्टज टीम, सिविल डिफेंस, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एण्ड गाइड द्वारा और तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिये गए। कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग टीमों ने कहीं आग पर काबू पाना सिखया तो कहीं छत पर फंसे दो नागरिकों को तत्काल सुरक्षित निकालकर अस्थाई अस्पताल भेजा गया तो कहीं टीम ने गोलीबारी होने पर अपने आपका बचाव व अपने आसपास के लोगों का बचाव किस तरह से किया जा सकता है, इस अभियान के अन्तर्गत सिखाया गया। टीम ने घटनास्थल पर सर्च ऑपरेशन कर बराबर की बिल्डिंग में लगी आग में फंसे हुए व्यक्तियों को तलासा, सर्च ऑपरेशन क्विक रेंसपोंस टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन कर एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिसे अस्थाई अस्पताल पहुंचाया गया। मॉक ड्रिल के बाद देर रात धड़ाधड़ शहर का बाजार 8 बजे से पहले ही बंद हो गया और शिवचौक के आसपास के एरिये सहित शहर में 8 से 8.15 के बीच ब्लैक आउट होता दिखाई दिया। इस दौरान शिवचौक पर मौजूद युवकों ने भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। 15 मिनट के इस दृश्य को बुलेटिन ने अपने कैमरे में कैद किया, जिसमें शहर जुगनू की तरह टिमटिमाता दिखाई दिया। मॉक ड्रिल का कार्यक्रम ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, तहसील स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर किया गया, जिसमें जिलाधिकारी उमेश मिश्र सहित एडीएम वित्त एवं राजस्व, नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, उप जिलाधिकारी सदर, नई मण्डी सीओ, शहर थानाध्यक्ष, सीएमओ, एआरटीओ, श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज के अध्यक्ष आदि सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ. राजीव कुमार तथा भारत भूषण द्वारा किया गया।








### अगर भारत आगे कार्रवाई नहीं करता है तो पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा : ख्वाजा आसिफ

**इस्लामाबाद 07 मई (वार्ता)** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से हताश पाकिस्तान ने कहा है कि यदि भारत आगे और कार्रवाई नहीं करता है तो पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक टेलीविजन चैनल से बातचीत में कहा कि इस कार्रवाई की शुरुआत भारत ने की है और हमने इसके बाद जवाबी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि यदि भारत रूक जाता है तो पाकिस्तान भी कोई जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। श्री आसिफ ने कहा, ''अगर भारत कार्रवाई रोकने को तैयार है, तो हम भी मामले को सुलझाने को तैयार हैं।'' इसलिए पाकिस्तान तनाव को खत्म करने और शांति की पेशकश करता है।



### शहबाज ने युद्ध की कार्रवाई बताया, भारत का जवाब देने की बात कही

**इस्लामाबाद, 07 मई (वार्ता)** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकवादी ठिकानों पर भारत की गोलाबारी को 'युद्ध की कार्रवाई 'बताते हुए कहा है कि उनका देश जवाब दे रहा है। श्री शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, ''पाकिस्तान को भारत के इस 'एक्ट ऑफ वार' का माकूल जवाब देने का पूरा हक है और जवाब दिया जा रहा है।'' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 25 पयटकों और एक नेपाली सहित 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। उसके जवाब में भारतीय प्रतिरक्षा बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीती रात कम से कम नौ आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई की। भारत में स्पष्ट किया है उसने पाकिस्तान के किसी सैनिक ठिकाने पर आक्रमण नहीं किया है और इसकी करवाई युद्ध भड़काने वाली नहीं है।



### बठिंडा : विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत,नौ घायल

**बठिंडा 07 मई (वार्ता)** पंजाब के बठिंडा जिले के अकलियान कलां गांव में बुधवार तड़के एक अज्ञात विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान हरियाणा के चरखी दादरी के मूल निवासी गोविंद के रूप में हुई है, जो खेत मजदूर के रूप में काम करता था। प्राप्त जानकारी अनुसार विमान आबादी वाले इलाके से करीब 500 मीटर दूर कटे हुए गेहूं के खेतों में तड़के करीब दो बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ। दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर है। पायलट के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। रक्षा कर्मियों और पुलिस टीमों ने दुर्घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है और घटनास्थल पर दमकल की गाड़ियां कार्रवाई में जुट गई हैं। विमान की पहचान के बारे में जिला अधिकारी चुप हैं। उनका कहना है कि घटना पर कोई भी टिप्पणी केवल रक्षा अधिकारी ही जारी करेंगे। रक्षा कर्मियों और पुलिस दलों ने दुर्घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है और दमकल गाड़ियों को कार्रवाई के लिए लगाया गया है।

### भारतीय लड़ाकू विमान के दुर्घटना होने की तस्वीरें पुरानी'

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में भारत के आपरेशन सिंदूर के परिप्रेक्षय मे सोशल मीडिया पर वायरल उस तस्वीर को पुराना बताया है जिसमें भारतीय वायुसेना के एक लड़ाकू विमान को ध्वस्त दिखाया गया है। सरकार की ओर से कहा गया है कि यह तस्वीर सितंबर 2004 में बाड़मेर में भारतीय वायु सेनाके मिग-29 लड़ाकू विमान की दुर्घटना की है।

### रात में सायरन न बजने व स्ट्रीट लाइट जलते रहने से नाराज हुए लोग

**मुजफ्फरनगर, 07 मई (बु.)।** देर रात में जब ब्लैक आउट हुआ तो ठीक 8 बजे नगर की जनता सायरन बजने का इंतजार करती रही मगर ऐसा कोई सायरन नहीं बजता दिखा जो सभी को सुनाई दे। ऐसे में 10 मिनट तक लोग इसी बात का इंतजार करते रहे। 70 फीसदी लोगों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों की लाइट बंद कर ली, मगर 30 फीसदी लोग सायरन के इंतजार में ही ठहरे रहे। वहीं दूसरी ओर आमजन को एक और बात अखरी कि प्रशासन द्वारा विद्युत व्यवस्था को बंद करने का इंतजाम पहले से ही करना चाहिए था। आमजन यही मान रहा था कि विभिन्न बिजलीघरों से स्वयं ब्लैक आउट हो जाएगा और उन्हें पूरे घर की लाइट बंद नहीं करनी पड़ेगी। इससे भी बड़ी बात यह रही कि पालिका एमडीए द्वारा लगाई गयी स्ट्रीट लाइट्स तक भी पूरी तरह से जली रही और इस बात की नाराजगी लोगों में साफ दिखाई दी। डीएम उमेश मिश्र ने बताया कि सिर्फ एक फीडर की पूरी तरह लाइट बंद कराई गयी थी, सभी फीडर की लाइट बंद कराने से विद्युत में फॉल्ट आने का भय बना हुआ था, जिस कारण अन्य फीडरों से विद्युत सुचारू रखी गयी। शिवचौक व खालापार क्षेत्र का फीडर बंद कराया गया था।




## पूर्व सैनिकों से की जब बुलेटिन ने बात, तो बोले देश की सेना व सरकार ने दी पाक को मात


**मुजफ्फरनगर, 7 मई (बु.)।** भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान में बुधवार की सुबह दिखाई ताकत के बाद भारत के कौने-कौन से देश के वीरों के इस पराक्रम ओर शौर्य की तारीफ की जा रही हैं। हर किसी ने पाकिस्तान पर की गई इस एयर स्ट्राइक को पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को सच्ची श्रद्धांजलि बताया है। क्योंकि पंद्रह दिन से जिस वक्त का सभी को इंतजार था वो दिन और तारीख खुद देश के पीएम नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने तय की थी। इधर 7 मई को देश के कौने-कौन में मॉकड्रिल और ब्लैक आउट का ऐलान किया गया, तो वहीं दिन के शुरूआती पलों में ही देश की सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर ऐसा वार किया कि सब कुछ नस्ते नाबूत हो गया। मुजफ्फरनगर में इसको लेकर जब बुलेटिन ने पूर्व सैनिकों से इसके बारे में चर्चा की, तो उन्होंने बताया कि ये देश के लिए गौरव की बात है और पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को सच्ची श्रद्धांजलि है, ऑपरेशन सिंदूर एक ऐसा ऑपरेशन है, जिसने बेटियों के माथे से मिटे सिंदूर को न्याय देने का काम किया है। अब हमारा यकीन और पक्का हो गया है कि अगर कोई भी भारत देश के प्रति किसी भी तरह की कोई हिमाकत करेगा तो देश की सेना उसे 1965, 1971, 1999 जैसे युद्ध की तरह करारा जवाब देगी।




वर्ष 2005 में रिटायर्ड हुए **लेफ्टिनेंट हरिलाल कौशिक** ने बताया कि उन्होंने 1999 में हुए कारगिल युद्ध में बोफोर्स पर काम किया है और जीत हासिल की है। उनकी मानें तो पाकिस्तान के जिन ठिकानों पर सेना ने एयर स्ट्राइक की है वो वाकई काबिले तारीफ है, और पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है।



वर्ष 2005 में रिटायर्ड हुए **हलवलदार रामपाल सिंह** ने भी इस ऑपरेशन सिंदूर को बेहद अहम बताया उन्होंने कहा पाकिस्तान को उसी की भाषा में करारा जवाब दिया गया है। उन्होंने बताया कि 1971 में जब पाकिस्तानी जेट विमान हमारी सीमा घुसा तो तब इमरजेंसी में पूरा इलाका ब्लैक आउट था तो पाकिस्तानी जेट ने अंबाला के चर्च पर बम गिराया था क्योंकि उसके अंदर एक मोमबत्ती जल रही थी जिसके बाद उस जेट ने दिल्ली का मूव किया तो भारतीय सैनिकों ने उसे एयर गन से मार गिराया था।



1975 में रिटायर्ड हुए **सिपाही राजवीर सिंह** ने माना कि सेना पहले के मुकाबले अब और मजबूत हुई है और पाकिस्तान में हुई इस एयर स्ट्राइक से सभी खुश है। साथ ही वो अपने साथियों के द्वारा बताई गई सभी बातों से सहमत भी नजर आएं। उन्होंने बताया 1965 और 1971 की जंग में देश के लिए अपनी सेवाएं भिंडी चुके हैं।



वर्ष 1970 में रिटायर्ड हुए और 1965 में देश की सेवा करने वाले **सैनिक संतोष कुमार शर्मा** कहते है कि जिस तरह से पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी है, अब उसकी हिम्मत नहीं की वो हिंदुस्तान की तरफ आंख उठाकर देख सकें। इस एयर स्ट्राइक से पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने तो तबाह किए हैं। अब जड़ से आतंकवाद को खत्म करके का काम मोदी जी को करना चाहिए।



वर्ष 1998 में रिटायर्ड हुए **नायब सूबेदार सत्यपाल त्यागी** ने पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक को लेकर पीएम मोदी का धन्यवाद अदा किया, और पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को नमन किया, इनकी मानें तो पीएम मोदी द्वारा जो मीटिंगों के दौर के बीच 15 दिन के अंदर मुंह तोड़ जवाब दिया गया वो काबिले तारीफ है।



भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रभारी अध्यक्ष **कर्नल राजीव चौहान** कहते हैं कि पहले और अब में सेना बहुत मजबूत हुई है। पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक से देश में खुशी का माहौल है। इसी तरह आतंक का सफाया किया जाता रहना चाहिए, ताकि हम आतंकवाद को जड़ से समाप्त कर सके।



वर्ष 1985 में रिटायर हुए **नायब सूबेदार महिपाल सिंह** ने बताया कि उनके द्वारा वर्ष 1965 की लड़ाई में जंग के मैदान में देश सेवा करने का मौका मिला था। आज जब सुबह आंख खुली तो देखा पाकिस्तान पर हिंदुस्तान ने हमला कर आतंकियों के 9 ठिकानों को उड़ा डाला है जिसके बाद मन में बहुत खुशी हुई हम चाहते है कि देश के प्रधानमंत्री मोदी इसी तरह से आतंक को मुंह तोड़ जवाब दें।

### दो पक्षों में धक्का-मुक्की के बाद एक व्यक्ति का सिर फ्रिज में लगा, मौत

**तितावी/मुजफ्फरनगर, 7 मई (बु.)।** क्षेत्र के गांव छतैला में मंगलवार को देर रात के समय मजदूरी के पैसों के लेन देन को लेकर दो पक्षो में हुए झगड़े में बीच बचाव के दौरान धक्का-मुक्की में एक व्यक्ति की सड़क किनारे रखे पानी के फ्रिज में सर लगने से मौके पर मौत हो गई। मामले में तितावी पुलिस ने मौके पर जाकर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। मिली जानकारी के अनुसार तितावी थाना प्रभारी डॉ. मानवेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि छतैला निवासी अब्दुल वाहिद, वसीम पुत्रगण रहीस आंध्र प्रदेश में तौहीद पुत्र रोशन के साथ पानी की टंकी बनाने की मजदूरी का काम करता है। इसी कार्य के वसीम व अब्दुल वाहिद दोनो भाईयों के तौहीद पर मजदूरी के लगभग डेढ़ लाख रुपये बकाया थे। मंगलवार की शाम के समय करीब आठ बजे दोनों भाई अपने घर के आगे बैठे थे, तो उसी समय गली में से तौहीद निकलकर अपने घर की ओर जा रहा था। तौहीद को देखकर दोनों भाइयों ने अपने मजदूरी के पैसे मांगे तो इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गयी। कहासुनी के दौरान तौहीद ने अपने परिवार के कुछ अन्य लोगों को मौके पर बुला लिया। झगड़ा बढ़ते देख अब्दुल वाहिद और वसीम के पिता रईस बीच बचाव कराने पहुंचे, जिसमे दोनों ओर से हुई धक्का-मुक्की में रईस का सर सड़क किनारे रखे फ्रीजर में टकरा गया। सिर टकराते ही रईस नीचे गिर पड़ा। उसके बाद अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। सूचना पर तितावी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। तोहिद पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए।



## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली 07 मई (वार्ता) भारतीय एवं विश्व इतिहास में 08 मई की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है।** 1541-हरनांदो डे सोटो ने मिसीसिपी नदी की खोज की। 1828-इंटरनेशनल कमेटी ऑफ द रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेंट का जन्म। 1847-रॉबर्ट डब्ल्यू थॉमसन ने रबर टायर का पेटेंट कराया। 1871-ब्रिटेन और अमेरिका के बीच समझौते के बाद अलबामा विवाद समाप्त हुआ। 1886-कोल्ड ड्रिंक कोकाकोला का उत्पादन शुरू हुआ। 1895-उड़ीसा के प्रसिद्ध क्रांतिकारी तथा गांधीवादी कार्यकर्ता गोपबन्धु चौधरी का जन्म। 1899-भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध चापेकर बन्धुओं में से एक वासुदेव चापेकर का निधन। 1915-भारत के स्वतंत्रता सेनानी अमीर चन्द का निधन। 1921-स्वीडन ने फांसी की सजा को खत्म किया। 1926-प्रसिद्ध इतिहासकार तपन राय चौधरी का जन्म। 1929-भारत की प्रसिद्ध ठुमरी गायिका गिरिजा देवी का जन्म। 1932-पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय राजनीतिज्ञ और लोकसेवी सत्यव्रत मुखर्जी का जन्म। 1933-महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ 21 दिन का उपवास रखा। 1945-मित्र राष्ट्रों की सेनाओं के समक्ष जर्मनी का आत्मसमर्पण। 1954-चंद्रनगर को पश्चिम बंगाल राज्य में शामिल किया गया। 1962-कलकत्ता (अब कोलकाता) में रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। 1980-विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेचक के उन्मूलन की घोषणा की। 1982-प्रसिद्ध मराठी साहित्यकार आत्माराम रावजी देशपांडे का निधन। 1999-बेलग्राद स्थित चीनी दूतावास पर नाटो द्वारा प्रक्षेपास्त्रों से हमला। 2000-भारतीय मूल के 69 वर्षीय लॉर्ड स्वराजपाल ब्रिटेन के चौथे सबसे बड़े विश्वविद्यालय ब्रिटिश यूनीवर्सिटी के कुलपति नियुक्त। 2001-अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य नियंत्रण बोर्ड से भी बाहर। 2002-पाकिस्तान दौरा रद्द कर न्यूजीलैंड की टीम स्वदेश लौटी। 2004-श्रीलंका के मुरलीधरन ने 521 विकेट लेकर सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने का रिकार्ड बनाया। 2006-संयुक्त राज्य अमेरिका पाकिस्तान को आधुनिकतम पारम्परिक शस्त्र प्रणाली देने पर सहमत। 2009-पाकिस्तान की सेना ने स्वात घाटी में तालिबान के खिलाफ अपने अभियान को तेज किया। तालिबान के जुल्मों से परेशान करीब दो लाख लोगों ने घाटी से पलायन किया। 2010-छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने दंतेबाड़ा में टाड़मेटला हमले के एक माह बाद बीजापुर-भोपालपट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहन को बारूदी सुरंग विस्फोट कर उड़ा दिया। इस घटना में आठ जवान शहीद हो गए। विस्फोट में वहाँ से गुजर रहे दो नागरिक भी घायल हो गए। 2013-भारत के मशहूर ध्रुपद गायक ज़िया फरीदुद्दीन डागर का निधन।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 07 मई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1285, लड्डू 1650-1700, शक्कर सुनहरी - 1650-1667 खुरपापाड़ 1500-1530, आज की मंडी आमद- 2,000 मन।

## आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 08 मई, 2025

**मेष**-बुद्धि-विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल।
**वृषभ**-भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, नवसम्पर्क लाभदायी।
**मिथुन**-समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी संबंधों में तनाव, मानसिक उलझन, व्यावसायिक उन्नति में बाधा, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य।
**कर्क**-दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर, जनकल्याण की भावना जागृत।
**सिंह**-स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओ में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।
**कन्या**-ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का समाधान, शिक्षा में सफलता, आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।
**तुला**-कार्य व्यवस्था में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।
**वृश्चिक**-कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतान पक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।
**धनु**-किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, बकाए धन की वसूली, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, अध्यात्म के प्रति आस्था, पारिवारिक खुशी।
**मकर**-आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम संबंधों में अत्यधिक प्रगाढ़ता।
**कुम्भ**-सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को तकलीफ।
**मीन**-समय संतोषजनक, व्यापार में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# जालौन में सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत



**जालौन, 7 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के ऐट थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर ट्रक की टक्कर से कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा सुबह लगभग 4:30 से पांच बजे के बीच हुआ। बहराइच जिले के मोतीपुर निवासी बृजेश कुमार (42) अपने परिवार के साथ झांसी जा रहे थे। उनकी कार थाना ऐट के गिरथन गांव के पास पहुंची कि ड्राइवर को झपकी आ गई और कार डिवाइडर तोड़ते हुए विपरीत दिशा में चली गई। उसी समय झांसी की ओर से कानपुर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक सामने से आ गया और कार से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बृजेश कुमार, उनकी पत्नी प्रीति (40), बेटा आशुतोष (13), रिश्तेदार संगीता (33) और तीन माह की एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मानवी और नंदा नामक दो अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है।

## थाने से पिस्टल गायब, हेड मोहर्रम पर गबन का आरोप

**शाहजहांपुर 07 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना जलालाबाद के मालखाने से एक सरकारी नौ एमएम पिस्टल एक मैगजीन और नौ कारतूस गायब होने के मामले में क्षेत्राधिकारी की जांच के बाद हेड मोहर्रम के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही और सरकारी संपत्ति गबन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि क्षेत्राधिकारी जलालाबाद ने पिछली 31 जनवरी को त्रैमासिक निरीक्षण किया जिसमें आर्म्स एम्यूनेशन में से एक 09 एमएम पिस्टल, 10 कारतूस और एक नौ एमएम मैगजीन कम पाए गए थे। जिसकी सूचना उच्चाधिकारी को दी गई थी। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने तीन फरवरी को क्षेत्राधिकारी जलालाबाद को प्रारंभिक जांच के लिए निर्देशित किया था। उन्होंने बताया कि क्षेत्राधिकारी द्वारा की गई जांच में पुलिस लाइन में तैनात जिला रामपुर के रहने वाले हेड मोहर्रम आंगन लाल को दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने तथा मालखाने से सुरक्षा उपकरणों के गायब होने का दोषी पाते हुए आंगन लाल के विरुद्ध सरकारी सम्पत्ति का गबन करने के सम्बन्ध मे 316(5) बीएनएस की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## बाराबंकी में पेड़ से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

**बाराबंकी 7 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के मसौली क्षेत्र में बुधवार सुबह एक प्रेमी युगल के शव गांव के बाहर पेड़ से लटके मिले। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के



लालपुर गांव में आज सुबह अलग-अलग बिरादरी के प्रेमी युगल मनु (28) और शिल्पा (22) के शव बाग में एक ही फंदे में लटके मिले। पुलिस के अनुसार पांच वर्ष पूर्व शिल्पा की शादी थी लेकिन बरात आने से पहले वह लापता हो गई थी। ऐसे में परिजनों ने उसकी चचेरी बहन से दूल्हे का विवाह कर दिया था। उन्होंने बताया कि आज सुबह जब ग्रामीणों ने दोनों के शवों को पेड़ से लटके देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों के शवों को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार दोनों का काफी दिनों से प्रेम संबंध चल रहा था लेकिन घर वाले शादी के लिए तैयार नहीं थे। पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है।

## संतकबीरनगर में ट्रक से टकरायी बाइक, तीन मरे

**संत कबीरनगर 07 मई (वार्ता)** संत कबीर नगर जिले के धनघटा क्षेत्र में खराब खड़े ट्रक से मोटरसाइकिल के टकराने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। बुधवार को बताया कि बीती देर महावीरपुर राम जानकी मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलौली के करीब रोड पर खराब स्थिति में खड़े ट्रक को पीछे से मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। हादसे में अमन, शनि व चंद्रभान की मौत हो गयी।

# हफ्तेभर के आश्वासन पर चौकी का धरना हुआ समाप्त

## चोर को बेकसूर बताकर दिया गया धरना



**बुढ़ाना, 7 मई (बु.)।** परासौली चौकी पुलिस के द्वारा एक ग्रामीण के विरुद्ध बीते दिवस लगभग एक लाख रुपये की कीमत की 4 बकरियां चोरी किए जाने का झूठा मुकदमा दबंगों के दबाव में आकर दर्ज करने के विरोध में आज बुधवार के दिन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा के नेतृत्व में सैकड़ों आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बुढ़ाना कोतवाली की परासौली पुलिस चौकी के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए दर्ज की गयी झूठी रिपोर्ट पर एफआर लगाने की मांग की। जिस पर मौके पर पहुंचे बुढ़ाना कोतवाली के एसएसआई ललित शर्मा ने सभी आक्रोशित कार्यकर्ताओं को शांत करते हुए उनसे एक सप्ताह का समय मांगा है और कहा कि रिपोर्ट भले ही दर्ज हो गयी है, लेकिन वे इस मामले की बारीकी से जांच कर रहे हैं। किसी भी निर्दोष ग्रामीण को जेल नहीं भेजा जाएगा। जिस पर धरना समाप्त कर दिया गया। धरने पर मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष अमित ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष बुढ़ाना प्रदीप पंवार, कपिल ठाकुर, उस्मान राणा जोगियाखेड़ा, जाबिर राणा, ग्राम जौला अध्यक्ष मुन्ना, युवा नगर अध्यक्ष बुढ़ाना शाहवेज अहमद, डाक्टर सत्तार, गुड्डू और महावीर राठी आदि भाकियूअ कार्यकर्ता मौजूद थे। धरना प्रदर्शन लगातार छह घंटे तक चला।

# एसडीएम व सीओ ने नागरिकों को आपात स्थिति से निपटने के लिए दिए टिप्स



**बुढ़ाना, 7 मई (बु.)।** कोतवाली परिसर में युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने को विशेष मॉक ड्रिल व जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गई। एसडीएम राजकुमार भारती की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, प्रशासनिक तंत्र व सुरक्षा एजेंसियों को आपात स्थिति के लिए तैयार करना था। एसडीएम व सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में सुरक्षा व आपदा प्रबंधन के लिए पहले से तैयारी जरूरी है। युद्ध जैसी स्थिति में नागरिकों की भूमिका भी सुरक्षाबलों जितनी महत्वपूर्ण होती है। ऐसी स्थिति में पूरे समाज को एकजुट होकर सामना करना होता है। कार्यशाला में साइरन की पहचान, बंकर में शरण लेने, प्राथमिक चिकित्सा और संचार माध्यमों के उचित प्रयोग की जानकारी दी गई। पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षाबल, होमगार्ड व आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रतिनिधि भी इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में रात 8 बजे से 8:15 बजे तक ब्लैकआउट का अभ्यास करने की घोषणा की गई। लोगों से अपील की गई कि वे इस दौरान सभी बिजली उपकरण, लाइट, इंवर्टर व जनरेटर आदि बंद रखें। खिड़कियों व दरवाजों के पर्दे बंद रखें, ताकि कोई रोशनी बाहर न दिखे। सब सदस्यों को एक जगह सुरक्षित रखें विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को। मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनें। पड़ोसियों को सतर्क करें। जरूरी दवाइयाँ व टॉर्च आदि सामान पहले से तैयार रखें। कार्यशाला में डीसीडीएफ के पूर्व चैयरमेन सुबोध त्यागी, कोतवाल आनंद देव मिश्र समेत कस्बे और क्षेत्र के सैंकड़ों लोग भी शामिल रहे।


# एयर स्ट्राइक के बाद बोले लोग अब तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर चाहिए

**▶ पाकिस्तान पर की गई भारतीय सेना की कार्यवाही पर खुशी मनाई ▶ बोले नागरिक - हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है**


अभिषेक गर्ग


स०हरजीत सिंह


मनोज मदान


अकरम मेवाती


अरुण शर्मा


राजीव तनेजा

**मीरापुर, 7 मई (बु.)।** 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या किए जाने के बाद पूरे देश में आक्रोश था प्रत्येक नागरिक पाकिस्तान पर कार्यवाही की मांग कर रहा था। मंगलवार की देररात्रि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद भारी संख्या में आतंकियों की मौत हुई है, जिससें पूरे भारत देश में जश्न का माहौल है। भारतीय सेना की इस कार्यवाही पर लोगों ने भारतीय सेना पर गर्व महसूस किया है। जोश से अभिभूत लोगों ने सेना पर गर्व करते हुए कहा कि बहुत हुआ आतंकवाद अब तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर चाहिए।

एयर स्ट्राइक के बाद मीरापुर के प्रसिद्ध व्यापारी मनोज मदान ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा किये गए कुकृत्य का जवाब भारतीय सेना ने बहुत अच्छे तरीके से दिया है। हमें भारतीय सेना पर गर्व है सरकार भी बधाई की पात्र हैं। अब तो पाक अधिकृत कश्मीर को कब्जे में ले लेना चाहिए।

भाजपा नेता अरुण शर्मा का कहना है कि हमें पूर्व विश्वास था कि जल्द ही पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हमें भारतीय सेना पर गर्व है। भारतीय सेना ने जो कार्यवाही की है, उससे देश का सीना चौड़ा हो गया है और पूरे विश्व को एक संदेश गया है कि भारत आतंकवाद कतई बर्दाश्त नही करेगा। बस अब तो जल्द ही भारतीय सेना पीओके को अपने कब्जे में ले लें।

युवा व्यापारी अकरम मेवाती ने कहा कि भारतीय सेना ने जो एयर स्ट्राइक की है वो दिल को सुकून देने वाली है। पाकिस्तानी आतंकियों ने जो निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी, उससे हर भारतीय का दिल रोया था। अब भारतीय सेना की कार्यवाही से हमें गर्व महसूस हो रहा है।

व्यापारी भाजपा नेता अभिषेक गर्ग ने कहा कि पाकिस्तान को इसी भाषा में जवाब दिया जाना आवश्यक था। भारतीय सेना ने जो एयर स्ट्राइक की है, वो निःसंदेह बहादुरी का परिचायक है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। सरकार को एक और कठोर निर्णय लेकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर कब्जा कर लेना चाहिए और आतंकवाद को जड़ से खत्म कर देना चाहिए।

स. हरजीत सिंह उर्फ मिन्टू ने कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध इस एयर स्ट्राइक की बेहद आवश्यकता थी। 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा की गई पर्यटकों की निर्मम हत्या किसी भी तरह क्षमा योग्य नही थी। हमें भारतीय सेना पर गर्व है।

युवा व्यापारी राजीव तनेजा भारतीय सेना द्वारा की गई कार्यवाही पर बेहद प्रसन्न है राजीव ने कहा कि सरकार ने जो भारतीय सेना को छूट दी थी सेना उस पर खरी उतरी और भारतीय सेना ने पाक को उसके घर में घुसकर मारा है। हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है। भारतीय सरकार व भारतीय सेना ने विश्व को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत की अस्मिता को ठेस पहुँचाने वाले को किसी भी कीमत पर नही बख्शा जाएगा।

# गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**मुजफ्फरनगर, 7 मई (बु.)।** जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर विद्यालय में सभी कक्षा स्तरों पर अंतर-सदन विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराई गई। कक्षा 3-5 में "दा गार्डनर" का रवींद्रनाथ टैगोर पर आधारित कविता गायन, कक्षा 6-8 "गीतांजलि" पर आधारित पोस्टर व लघु नाटक, कक्षा 9-12 बॉलीवुड में रविंद्र नाथ के संगीत पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी कक्षा के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर ऋचा तिवारी जी ने छात्रों को उनकी प्रतिभाएँ प्रदर्शित करने के लिए हार्दिक बधाई दी एवं उनका उत्साहवर्धन भी किया।



# ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में रविंद्रनाथ टैगोर जयंती धूमधाम से संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 7 मई (बु.)।** ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में रविंद्रनाथ टैगोर जी की 164वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एमके गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान, काउंसलर कंचन सोनी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। 12वीं की छात्रा अन्वेषा यादव ने रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन से संबंधित गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आजादवीर ने रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्रों को बताया कि इनकी लेखन प्रतिभा के कारण ही भारत में राष्ट्रभक्ति का ऐसा जोश पैदा हुआ था, जो भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति का आधार बना। भारत को ही नहीं, बल्कि समस्त भूमंडल को अपनी विद्वत्ता एवं प्रेरणादायी साहित्य से प्रभावित करने वाले टैगोर जी वह व्यक्तित्व हैं, जिनका नाम भारत के ही नहीं अपितु विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा हुआ है। करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत प्रथम एशियाई नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती आज पूरा देश उनके द्वारा किए गए कार्यों व कृतियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर मना रहा है। अंत में उन्होंने कहा कि वे एक महान साहित्यकार, कलाकार, समाज सुधारक एवं देशभक्त थे, जिन्होंने भारत को आजादी का महत्व समझाने का काम किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# एसडी कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में वृक्षारोपण जागरूकता अभियान चलाया गया

**मुजफ्फरनगर, 7 मई (बु.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के एनएसएस द्वारा क्लब पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए गाँव सहावली में एक विशेष वृक्षारोपण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरित क्षेत्र को विस्तार देना था। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षकों के प्रेरणादायक भाषणों से हुई, जिनमें पर्यावरणीय संकट, प्रदूषण नियंत्रण और वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने मिलकर सहावली गाँव में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया और उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

श्री अनुभव कुमार, सचिव ने संदेश देते हुये कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। छात्रों द्वारा इस अभियान में जो जोश और जागरूकता दिखाई गई है, वह अत्यंत सराहनीय है। पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि एक निरंतर प्रयास है, जिसमें हम सभी को भागीदारी निभानी चाहिए। हमारा उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें सहेजना और उनका पोषण करना भी होना चाहिए। डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक ने कहा यह अभियान न केवल प्रकृति की सेवा है, बल्कि हमारी अगली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है। कॉलेज का उद्देश्य सिर्फ शैक्षणिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों में सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों की भावना विकसित करना भी है। वृक्षारोपण जैसे प्रयास समाज के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखना हम सभी का कर्तव्य है। यह अभियान एक सफल पर्यावरणीय पहल बनकर उभरा, जो भविष्य में और अधिक युवाओं को प्रकृति की सेवा के लिए प्रेरित करेगा। इस अभियान में संस्थान के छात्र-छात्रा राधिका सिंघल, जैनब, सुप्रिया गुप्ता, विशाखा कुशवाहा, वंशिका, वेदांशी, निखिल पंवार, तुषार कुमार, पियूष कुमार और मौ. समी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही संस्थान के शिक्षकों मनोज कुमार तनवर, मनीष कुमार, अदिति शर्मा, पुनीत गोयल और अमित शर्मा ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक सहयोग किया।




कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांकः 228/E-TENDER/CM-VNY/2025-26 दिनांक 07-05-2025

ई- निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि " मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजनान्तर्गत" निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 29/05/2025 को दोपहर 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 08/05/2025 की प्रातः 10:00 से दिनांक 29/05/2025 की दोपहर 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 29/05/2025 की दोपहर 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण) नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर ।
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर।
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में मास्टरिंग डिजीटल मार्केटिंग एण्ड इंटरप्रिन्योरशिप वर्कशॉप का आयोजन किया गया

**मुजफ्फरनगर, 7 मई (बु.)।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर में प्रबंधन विभाग (एमबीए) व श्री राम कॉलेज के व्यवसाय व प्रबन्धन विभाग (बीबीए) के द्वारा संयुक्त रूप से मास्टरिंग डिजीटल मार्केटिंग एण्ड इंटरप्रिन्योरशिप वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रेरणा मित्तल प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डॉ. सौरभ मित्तल डीन मैनेजमेंट ब्लॉक श्रीराम कॉलेज, डॉ. पंकज कुमार विभागाध्यक्ष प्रबन्धन संकाय, डॉ. विवेक त्यागी विभागाध्यक्ष व्यवसाय व प्रबन्धन विभाग, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमबीए व बीबीए के सभी वर्षो के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

इस दो दिवसीय वर्कशॉप के प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता देवेश शर्मा (फाउन्डर एडुवेब्ज मीडिया), शेखर सहानिया (मीडिया हैड, एडुवेब्ज मीडिया) रहे। वक्ता देवेश शर्मा ने छात्र एवं छात्राओं को परंपरागत मार्केटिंग व डिजिटल मार्केटिंग में स्पष्ट अन्तर बताया, और डिजिटल मार्केटिंग में किस तरह से वे अपना करियर बना सकते हैं, इसकी भी जानकारी दी। तत्पश्चात उन्होंने कंटेंट मार्केटिंग, कंटेंट क्रियेशन, कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन, फ्रीलांसिंग आदि को लेकर छात्र एवं छात्राओं को सूचित किया। वर्कशॉप के दूसरे मुख्य वक्ता शेखर सहानिया ने छात्रा एवं छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग के ट्रेंड्स की जानकारी दी, और बीच बीच में कई मनोरंजक गतिविधियां भी करायी। इस दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिवस के अन्तिम चरण में वक्ताओं ने छात्र एवं छात्राओं से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से वार्तालाप किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर प्रबंधन विभाग की डॉ. निवेदिता चतुर्वेदी (इवेंट को ऑर्डिनेटर) का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में डॉ हिमांशु, डॉ. अतुल वर्मा, डॉ. राजीव रावल, डॉ. चित्रा श्रीवास्तव, शिवानी शर्मा, सागर शुक्ला, नवीन कुमार, हर्ष कुमार, नीशू वर्मा, मिस स्वाति तायल, मिस मोनिका, मिस ममता मित्तल, मिस तनु त्यागी, कपिल कुमार, मिस पूनम शर्मा, मिस जेबा ताहिर उपस्थित रहे।




## व्यापारी विनोद गर्ग का हुआ आकस्मिक निधन

**बुढ़ाना, 7 मई (बु.)।** कस्बे के मशहूर किराना व्यापारी विनोद गर्ग भगतजी पंसारी का आज बुधवार की सुबह लगभग 09 बजे लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे। उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका अंतिम संस्कार नमः आंखों से कस्बे के श्मशान घाट में सायं साढ़े 5 बजे के आसपास किया गया। उनकी किडनी फेल हो गयी थी और उनको गंभीर हालत में मेरठ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर व्यापारी नेता राजेश संगल, रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी, कांग्रेस नेता इमरान जिया, पूर्व सीएमओ डॉक्टर जगबीर सिंह, कश्यप समाज बुढ़ाना की खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप, युवा भाजपा नेता मोनू मलिक, आसपाकां नेता डाक्टर जावेद उस्मानी, सभासद नितिन शर्मा एडवोकेट, पत्रकार एसपी मलिक, व्यापारी नेता अनुज गर्ग, स्वर्णकार समाज बुढ़ाना के अध्यक्ष संजीव वर्मा, गगन वर्मा, रवि वर्मा, विनय संगल, प्रवीण राणा हीरो होंडा एजेंसी, संदीप वर्मा, डाक्टर सुभाष, अंकुर मित्तल, टीटू शर्मा, मनोज राणा, राजन वर्मा, अनिल वर्मा, प्रभात वर्मा, नितिन बंसल और जितेश कुमार आदि लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में रवींद्रनाथ टैगोर जयंती का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 7 मई (बु.)।** पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में आज महान कवि, लेखक, दार्शनिक एवं नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की का सामूहिक गायन कर वातावरण को देशभक्ति से भर दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने टैगोर जी के जीवन, उनके साहित्य योगदान एवं शिक्षा-दर्शन पर प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रबंध समिति व प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने



शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा टैगोर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित कविताओं, गीतों एवं नाटकों की शानदार प्रस्तुतियां दी। छात्रों ने 'जन-गण-मन' कहा कि "गुरुदेव टैगोर" ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाई। उनका जीवन, विचार और साहित्य आज भी युवाओं को प्रेरित करता है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर आगे बढ़ना चाहिए।

## समस्तीपुर : बैंक ऑफ महाराष्ट्र में पांच करोड़ रुपये के सोने की लूट

**समस्तीपुर, 07 मई (वार्ता)** बिहार में समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने बुधवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र से पांच करोड़ रूपये का सोना और 15 लाख रूपये लूट लिये। सूत्रों ने यहां बताया कि नौ की संख्या में अपराधियों ने काशीपुर गांव स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में धावा बोला।इसके बाद अपराधियों ने बैंक के कर्मचारी और ग्राहकों को हथियार का भय दिखाकर बंधक बना लिया और पांच करोड़ का सोना और 15 लाख रूपये लूटकर फरार हो गये। हालांकि, अपराधियों ने कितनी राशि की लूट की है, इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गयी है। पुलिस लूट की राशि का आकलन कर रही है। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद पुलिस के वरीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

